an>

Title: Need to take welfare measures for cotton farmers in the country.

**डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर):** महोदया, मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि जैसे राज्यों में आत्महत्या कर रहे कपास के किसानों की तरफ आकर्षित कराना चाहता हूं। जैसा कि हम सबको विदित है समय के साथ जनसंख्या बढ़ने के साथ कृषि लायक जमीनों पर दबाव काफी बढ़ रहा है और साथ ही प्रति व्यक्ति जोतों का आकार भी काफी कम हुआ है। मैं आपके माध्यम से माननीय वस्त्र राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि वे इन क्षेत्रों में प्रचलित पारम्परिक हस्तशिल्पों का सर्वे तथा अध्ययन कराएं तथा किसानों को संगठित रूप से सुविधाएं मुहैया कराई जाएं जिससे वह घर बैठकर हस्तशिल्प का उत्पादन कर सकें। साथ ही उनको सस्ते दर पर ऋण उपलब्ध करावाएं तथा उन्हें अपने उत्पादकों को बेचने के लिए मार्किट लिंकेज भी उपलब्ध करवाएं जिससे कृषि क्षेत्र पर आधारित जनसंख्या का दबाव कम हो सके तथा लोगों को आजीविका के अन्य विकल्प मिल सकें। इससे किसानों को मौसम की अस्थिरता की मार को भी नहीं झेलना पड़ेगा।...(व्यवधान)